तेरी चौखट पे ओ बाबा जिंदगी सजने लगी भजन लिरिक्स

तेरी चौखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी,
जिंदगी सजने लगी मेरी,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी।bd।

तर्ज – सांवली सूरत पे मोहन।

जो भी तेरे दर पे आया,
कुछ ना कुछ ले के गया,
होले होले ही सही मेरी,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी।bd।

ढूंढ आया सारे जग में,
देव तुमसा ना मिला,
तेरा दरवाजा खुला और,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी।bd।

तू ही मूरत तू ही तीरथ,
तू ही सब कुछ है मेरा,
हाथ जो तुमने ये थामा,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी।bd।

तेरी नजरे ओ बालाजी,
'पंकज' पे रखना सदा,
छोटी सी ख्वाहिश 'अमित' की,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिंदगी सजने लगी।bd।

तेरी चौखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी,
जिंदगी सजने लगी मेरी,
जिंदगी सजने लगी,
तेरी चौंखट पे ओ बाबा,
जिंदगी सजने लगी।bd।

Singer – Amit Chandak

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com